उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि विपक्षी द्वारा उक्त प्रकरण में मान्नीय UERC के उपरोक्त विनियमों का उलंघन किया गया है, जिसे मंच स्वीकार नही कर सकता है। अतः इस परिस्थिति में परिवादी को दिनांक 09.02.2026 से 06.04.2026 अर्थात् 3 बिल चक्रों में प्रेषित बिलों को UERC के उपरोक्त वर्णित विनियम के दृष्टिगत निरस्त कर उक्त विद्युत बीजक पूर्व के तीन एम0यू0 बिल चक्रो यथा 12/2025, 11/2025 एवं 10/2025 की औसत खपत 9.58 (115+180+711)/105 अर्थात् 10 यूनिट प्रति दिन के अनुसार संशोधित किया जाना तर्कसंगत एवं न्यायोचित होगा।

## आदेश

मंच द्वारा विपक्षी को आदेशित किया जाता है कि परिवादी को दिनांक 09.02.2026 से 06.04.2026 अर्थात् 3 बिल चक्रों में प्रेषित बिलों को UERC के उपरोक्त वर्णित विनियम के दृष्टिगत निरस्त कर उक्त विद्युत बीजक पूर्व के तीन एम0यू0 बिल चक्रों यथा 12/2025, 11/2025 एवं 10/2025 की औसत खपत 09.58 (115+180+711)/105 अर्थात् 10 यूनिट प्रति दिन के अनुसार संशोधित करे। इस प्रकार संशोधित बीजक पर किसी भी प्रकार का सरचार्ज देय नहीं होगा। आदेश की अनुपालन आख्या 30 दिनों के अंतर्गत मंच के समक्ष प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का वाद व्यय/प्रतिकर प्राप्त नहीं करेंगे। **इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80 बसंत विहार, देहरादून में अपील कर सकता है।** पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

20-7-2026 | 20/07/26 | 20/07/2

(सुन्दरी गैरोला देवली)
न्यायिक सदस्य

(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

(रजनीश माथुर)
तकनीकी सदस्य

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail - cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढवाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

परिवाद सं0 39/2026

**मै0 स्वाती फूड प्रोडक्ट** — परिवादी
श्री शालिग राम शर्मा
निवासी– ग्राम पृथ्वीपुर, पो0ओ0
पश्चिमीवाला, विकासनगर
देहरादून।

बनाम

**अधिशासी अभियन्ता** — विपक्षी
विद्युत वितरण खण्ड (विकासनगर)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून।

कोरम — दिनांक: 06.07.2026
श्री रजनीश माथुर — तकनीकी सदस्य
श्रीमती सुन्दरी गैरोला देवली — न्यायिक सदस्य
श्री दीपक फरस्वाण — उपभोक्ता सदस्य

**निर्णय**

परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद संयोजन का विद्युत भार 100 कि0वा0 से 25 कि0वा0 किये जाने के सम्बन्ध में योजित किया गया है।

परिवादी का कथन है कि " *मै मै0 स्वाती फूड प्रोडक्ट पता– ग्राम पृथ्वीपुर विकासनगर देहरादून, उत्तराखण्ड नाम की फर्म चलाता हूँ। विद्युत संयोजन लेते समय में मेरा विद्युत अभिलेखो में दर्ज विद्युत लोड 100 किलोवाट है। मैं अपनी फर्म का 80 % काम बंद कर चुका हूँ। वर्तमान में मेरा मशीनों का व पूर्ण कार्य स्थल का विद्युत लोड केवल 20 किलोवाट रह गया है। लेकिन उक्त उद्योग कार्य के संचालन के लिये विद्युत विभाग*

**Electricity Consumer Grievance Redressal Forum**
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun –248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रो
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

द्वारा कम से कम 25 किलोवाट विद्युत भार लेने के लिये कहा गया है, जिसके लिये मैं सहमत हूँ। परन्तु विभाग द्वारा पहले भी 30 किलोवाट का लोड स्वीकृत किया गया था, उस समय हमने 30 किलोवाट के लोड को बढाने का 1,39,000/– रुपये विभाग को अदा किये थे, जिसकी स्वीकृति तथा रसीद की कॉपी सलग्न है जिसमें 63 किलोवाट का ट्रांसफार्मर भी है। दिनांक 23 जनवरी 2018 को सर्वे के दौरान विभाग द्वारा उक्त स्थान के लिये 100 किलोवाट का लोड स्वीकृत किया गया था, उसमें ट्रांसफार्मर हमने अपना लगाया है इसकी भी स्वीकृति तथा भुगतान रसीद संलग्न है, जो ट्रांसफार्मर 63 किलोवाट का हमारे द्वारा लगाया गया था उसका हमें विभाग द्वारा भुगतान नहीं दिया गया है और यह ट्रासफार्मर आज भी वही लगा हुआ है। वर्तमान में विभाग द्वारा स्वीकृत किया गया 25 किलोवाट का विद्युत लोड ले रहा हूँ जो कि विद्युत विभाग द्वारा स्वीकृत है। अतः आपसे निवेदन है कि जो भुगतान मेरे द्वारा वर्ष 2013 में इस ट्रांसफार्मर के लिये विभाग को दे दिया गया है, अतः महोदय जी से सविनय निवेदन है कि मेरे द्वारा भुगतान किये गये ट्रांसफार्मर से मुझे नया कनेक्शन दिया जाए क्योंकि उसका भुगतान मेरे द्वारा किया गया है। महोदय निवेदन है कि मेरी प्रार्थना को स्वीकार किया जाए।''

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी सहायक अभियन्ता (रा0) ने आख्या पत्रांक 3460 दिनांकित 13/05/2026 से मंच को बिन्दुवार आख्या से अवगत कराया गया हैः–

1. परिवादी का संयोजन संख्या VN0K000014852 है, जिसका वर्तमान विद्युत भार 100 के0वी0ए0 है।
2. परिवादी द्वारा 100 के0वी0ए0 से 25 कि0वा0 विद्युत भार घटाने हेतु आवेदन किया गया, जिसके सापेक्ष परिवादी को रुपये 208000.00 का मांग पत्र प्रेषित किया गया।

3 *परिवादी द्वारा वर्ष 2013 में विद्युत भार 20 कि0वा0 से 30 के0वा0 कराया गया था, जिसमें नियमसनुसार उपसंस्थान का व्यय परिवादी द्वारा जमा कराये गये थे, जिसमें उपसंस्थान का निर्माण कर विद्युत भार वृद्धि की गयी।*

4 *परिवादी द्वारा मांग की जा रही है कि पूर्व मे निर्मित उपसंस्थान से ही परिवादी को बिना भुगतान के संयोजन का विद्युत भार 100 के0वी0ए0 से 25 कि0वा0 किया जाए, जबकि मा0 उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग के LT Regulation 2020 के Chapter 4(Procedure for Enhancement/ Reduction in contracted load) के तहत ऐसा कोई प्राविधान नहीं है।"*

मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेखों का अवलोकन करने के उपरान्त मंच का मत है कि परिवादी का विद्युत सयोजन पूर्व में 100 केवीए स्वीकृत भार का था। परिवादी द्वारा अपने औद्योगिक कार्य में कमी होने के कारण विद्युत भार को घटाकर 25 किलोवाट किए जाने हेतु विपक्षी के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया। साथ ही परिवादी ने यह भी निवेदन किया कि उसके द्वारा पूर्व में ट्रांसफार्मर स्थापना हेतु धनराशि जमा की गई थी तथा विभाग द्वारा भार में कमी किए जाने में विलम्ब के कारण उनसे पूर्ववत स्वीकृत भार के आधार पर फिक्स चार्ज वसूले जा रहे हैं।

विपक्षी द्वारा अपने उत्तर में यह स्वीकार किया गया है कि परिवादी द्वारा विद्युत भार में कमी हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। विपक्षी ने यह आपत्ति की है कि पूर्व में स्थापित ट्रांसफार्मर के आधार पर बिना नये

परिवर्तक के भुगतान के नया संयोजन अथवा भार परिवर्तन का कोई प्रावधान म *UERC (The Electricity Supply Code, Release of New Connections and Related Matters) Regulations, 2020* मे उपलब्ध नहीं है।

उपरोक्त चर्चा के उपरान्त मंच का मत है कि इस वाद का मुख्य विवाद ट्रांसफार्मर के स्वामित्व का नहीं बल्कि आवदेन प्रस्तुत किए जाने के उपरान्त फिक्स चार्ज की देयता का है। यदि उपभोक्ता ने नियमानुसार विद्युत भार में कमी के लिए आवदेन प्रस्तुत कर दिया है, तो विभाग का दायित्व है कि वह निर्धारित प्रक्रिया एवं समय–सीमा के भीतर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करे। विभागीय विलम्ब का आर्थिक दुष्परिणाम उपभोक्ता पर नहीं डाला जा सकता।

UERC (The Electricity Supply Code, Release of New Connections and Related Matters) Regulations, 2020 के chapter -4, (Procedure for Enhancement/Reduction on Contracted Load) में संविदा भार (Contracted Load) भार में वृद्धि अथवा कमी की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। उक्त विनियमो का उददेश्य यह सुनिश्चिति करना है कि उपभोक्ता द्वारा प्रस्तुत सभी प्रकार से पूर्ण प्रेषित आवेदन होने के पश्चात् वितरण लाइसेंसी नियमानुसार परीक्षण कर निर्धारित अवधि में भार परिवर्तन की कार्यवाही पूर्ण करे तथा उसके अनुरूप बिलिंग की जाए। इन विनियमों की भावना यह है कि विभागीय विलम्ब के कारण उपभोक्ता पर अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं डाला जा सकता।

अतः मंच यह मानता है कि परिवादी द्वारा जिस दिन विद्युत भार में कमी हेतु प्रस्तुत सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन प्रस्तुत किया गया, उस तिथि से नियमानुसार संशोधित संविदा भार (Contracted Load) के आधार पर फिक्स चार्ज देय होंगे। यदि विपक्षी द्वारा भार परिवर्तन की कार्यवाही बाद में पूर्ण की गई है, तो उस विलम्ब

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135-2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

की अवधि के लिए पूर्व स्वीकृत 100 केवीए के आधार पर फिक्स चार्ज की वसूली न्यायसगत नहीं मानी जा सकती।

उपरोक्त चर्चा के उपरान्त मंच का मत है कि विपक्षी परिवादी द्वारा विद्युत भार में कमी हेतु प्रस्तुत आवेदन की तिथि, पंजीकरण संख्या 447100426012 के क्रम में, **UERC (The Electricity Supply Code, Release of New Connections and Related Matters) Regulations, 2020** के **chapter -4, (Procedure for Enhancement/Reduction on Contracted Load)** के अनुरूप सशोधित संविदा भार **(Contracted Load)** के आधार पर फिक्स चार्ज का पुनर्निर्धारण करे। परिवादी द्वारा नियमानुसार आवेदन किये जाने कि तिथि से परिवादी से अधिक वसूले गये फिक्स चार्ज एव शेष जमानत राशि को परिवादी के आगामी विद्युत बिल मे समायोजित किया जाना तर्कसगत एवं न्यायोचित होगा।

## आदेश

परिवादी का परिवाद स्वीकार किया जाता है एवं विपक्षी को आदेशित किया जाता है कि परिवादी द्वारा विद्युत भार में कमी हेतु प्रस्तुत आवेदन की तिथि पंजीकरण संख्या 447100426012 के क्रम में **UERC (The Electricity Supply Code, Release of New Connections and Related Matters) Regulations, 2020** के **chapter -4, (Procedure for Enhancement/Reduction on Contracted Load)** के अनुरूप संशोधित संविदा भार **(Contracted Load)** के आधार पर फिक्स चार्ज का पुनर्निर्धारण करें। परिवादी द्वारा नियमानुसार आवेदन किये जाने कि तिथि से परिवादी से अधिक वसूले गये फिक्स चार्ज जमानत राशि को परिवादी के आगामी विद्युत बिल में समायोजित किया जाए

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135-2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढवाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रो
देहरादून – 24800
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–276739
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

अथवा नियमानुसार वापिस किया जाये। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का वाद व्यय/प्रतिकर प्राप्त नही करेंगे। इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80, बसंत विहार, देहरादून में अपील कर सकता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

Sd/-
6-7-2026
(सुन्दरी गैरोला देवली)
न्यायिक सदस्य

Sd/-
06/07/26
(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

Sd/-
(रजनीश माथुर)
तकनीकी सदस्य

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढवाल क्षेत्र)
वि०क्रॉ०वि० गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

परिवाद सं0 42 / 2026

**श्रीमती रीता अम्बष्ट,**
निवासी–ग्राम कंडोली,
देहरादून। — परिवादी

बनाम

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड (मोहनपुर)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून। — **विपक्षी**

कोरम — **दिनांक: 24.07.2026**

श्री रजनीश माथुर — **तकनीकी सदस्य**
श्रीमती सुन्दरी गैरोला देवली — **न्यायिक सदस्य**
श्री दीपक फरस्वाण — **उपभोक्ता सदस्य**

**निर्णय**

परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद विद्युत बिल संशोधित किये जाने के सम्बन्ध में योजित किया गया है।

परिवादी का कथन है "*कि आपके समक्ष इस विषय को प्रस्तुत करने से पूर्व मैंने SDO बिजली विभाग प्रेम नगर को दो पत्र स्पीड पोस्ट द्वारा दिनांक 01.04.2026 एवं 22.04.2026 को भेजे, बाद वाले पत्र की कॉपी उसी दिन स्पीड पोस्ट द्वारा एग्जीक्यूटिव इंजीनियर प्रेम नगर को भी भेजी। जिसका विभाग ने कोई जवाब नहीं दिया। शेष बातें इस प्रकार है।*

1. *मेरे घर का बिजली का मीटर तीव्र गति से चलने के कारण लगातार बिल ज्यादा आता रहा। सन्देह होने पर मैने एस0डी0ओ0 बिजली विभाग प्रेम नगर को बिजली मीटर तेज चलने की शिकायत की इस पर उन्होंने चेक मीटर लगाने से पहले वर्तमान विल रू24630/– का भुगतान करने को कहा। मैंने बिल का भुगतान 08.07.2024 को कर दिया।*

2 बिजली विभाग ने दिनांक 25.07.2024 को चैक मीटर लगाया और पाया कि मीटर तेज गति से चल रहा है। विभाग द्वारा 20.09.2024 को नया मीटर लगा दिया गया।

3 परन्तु अगले 19 महीने तक बार बार सम्पर्क करने पर भी विभाग ने बिल नहीं भेजा। हर बार यह कहते रहे बिल भेज दिया जायेगा। आखिरकार 07 मार्च को आग्रह करने पर उन्होने मोबाइल पर रू 33974/– का अतिरिक्त बिल भेज दिया गया जिसमें पहले भुगतान किये बिलों का समायोजन (adjustment) नहीं किया गया था। इस पर मैंने मौखिक शिकायत की इतना बिल कैसे आ सकता है? इस पर कर्मचारी ने कहा एक सप्ताह बाद आइए सिस्टम मे चैक करना होगा।

4. एक सप्ताह बाद जाने पर उन्होंने कहा एक सप्ताह और लगेगा। लेकिन इस बार उन्होंनें बिल डिटेल देने से पहले ही 24.03.2026 को मेरे घर का बिजली कनेक्शन काट दिया। तब उन्होंने उसी दिन रू 15000/– जमा कराने पर दुबारा से जोड दिया। लेकिन इस घटना से समाज में मेरे मान सम्मान पर बहुत बुरा असर पडा।

5 साथ ही उस दिन उन्होने मुझे बिजली बिल एवं कंस्यूमर लेजर शीट दी जिसमें फरवरी 2023 से 07 मार्च 2026 तक के मेरे खाते का विवरण दिया गया है। कंस्यूमर लेजर शीट के अनुसार, चैक मीटर लगाने के पूर्व फरवरी 2023 से (17 महीने) 08 जुलाई 2024 तक बिजली विभाग ने मुझसे रू 89003= 80 वसूल किये। जब की नया मीटर लगने के बाद (अर्थात् 28.09.2024 से) 19 महीने का बिल (7 मार्च, 2026 तक) रू 24170/– दर्शाया गया है।

6. इससे यह साबित होता है की नया मीटर लगने से पूर्व औसत प्रतिमाह बिल राशि रू 5235/– वसूल किया जाता रहा जब की नया मीटर लगने के उपरान्त औसत बिल प्रति माह रू 1272/– दर्शा रहा है। इससे यह पता चलता है कि बिजली विभाग ने मुझसे प्रति माह रू 3963/– सतरह महीने तक ज्यादा बिल राशि वसूला जिसे जोडें तो रू 67371/– बनता है।

अतः आपसे अनुरोध है कि आप इस पर जॉच कर उचित न्याय प्रदान करे।"

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 977, दिनांकित 16/05/2026 से मंच को निम्नवत् अवगत कराया है कि–

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रं
देहरादून – 24800
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 276195
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–276739
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

1. *"उपभोक्ता द्वारा दिनांक 24/06/2024 को चैक मीटर लगाने हेतु Complint no 22706240358 की गयी थी उपभोक्ता द्वारा 03/07/2024 को चैक मीटर फीस रु 177.00 जमा करायी गयी थी।*
2. *दिनांक 25/07/2024 को चैक मीटर स्थापित किया गया था तथा दिनांक 20/09/2024 को Check meter final किया गया, मेन मीटर 298% Fast पाया गया था।*
3. *दिनांक 26/09/2023 की रीडिंग 19630kwh तथा 22/12/2023 की रीडिंग 21837 kwh का औसत (21837–19630)=2207 unit दिनांक 26/09/2023 से 22/12/2023 तक 86 दिनों का औसत लिया गया है।*
4. *उपभोक्ता का विद्युत बिल दिनांक 20/09/2024 तक सशोधित कर विद्युत की धनराशि रू० 2157.00 का CCBR द्वारा घटा दिये गये है।*
5. *उपभोक्ता को चैक मीटर का Adjestment system द्वारा स्वतः ही (–) 1137 unit घटा दी गयी थी।*
6. *उपभोक्ता को वर्तमान में माह 03/2026 तक विद्युत बिल की धनराशि रू० 12557.00 विद्युत बिल की धनराशि जमा किये जाने है।*

*अतः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।"*

मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध परिवादी के शिकायती पत्र से स्पष्ट है कि परिवादी की शिकायत पर दिनांक 25.07.2024 को चेक मीटर स्थापित किया गया तथा दिनांक 20.09.2024 को चेक मीटर फाईनल किया गया। चेक मीटर परीक्षण में मूल मीटर 298 प्रतिशत तेज चलता हुआ पाया गया। इससे यह सिद्ध होता है कि पूर्व स्थापित मीटर सही वास्तविक विद्युत अंकन नहीं कर रहा था। विपक्षी द्वारा चेक मीटर के आधार पर कुछ समायोजन किया जाना स्वीकार किया गया है, जिसका मंच द्वारा अवलोकन किया गया एवं उक्त समायोजन को निरस्त किया जाता है।

यहॉं पर यह उल्लेख करना आवश्यक है कि माननीय **Uttarakhand Electricity Regulatory Commission** के विनियम **UERC (The Electricity Supply Code, Release of New**

**Connections and Related Matters) Regulations, 2020** के विनियम 5.1.3(10)(a) में स्पष्ट उल्लेख किया गया है जो कि निम्वत् है–

5.1.3(10)(a) "Fast beyond limits specified by Bureau of Indian Standards (BIS), the Licensee shall replace/rectify the defective meter within 15 days of testing. The Licensee shall adjust/refund the excess amount collected on account of the said defect, **based on percentage error,** for a maximum period of 12 months or less depending on period of installation of meter or previous testing date prior to the date of consumers's complaint and up to the date on which defective meter is replaced/rectified"

**[Emphasis Added]**

उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि विपक्षी द्वारा उक्त प्रकरण में मान्नीय UERC के उपरोक्त विनियमों का उलंघन किया गया है, जिसे मंच स्वीकार नही कर सकता है।

उपरोक्त चर्चा के उपरान्त मंच का मत है कि विपक्षी द्वारा परिवादी के दिनाक 19.09.2023 से चेक मीटर फाईनल किये जोन की तिथि दिनांक 20.09.2024 (12 माह) तक के विद्युत बिलों को माननीय् UERC के उपरोक्त रेगुलेशन के अनुसार संशोधित किया जाना तर्कसंगत एवं न्यायोचित होगा एवं सही मीटर स्थापित किये जाने के उपरान्त नियमित बिल जारी करने की तिथि तक (07.03.2026) एकमुश्त रूप से आरोपित सरचार्ज/विलम्ब अधिभार पूर्णतः निरस्त किए जाने योग्य है।

## आदेश

मंच द्वारा विपक्षी द्वारा प्रस्तुत चैक मीटर समायोजन को निरस्त किया जाता है एवं विपक्षी को आदेशित किया जाता है कि परिवादी के दिनांक 19.09.2023 से चेक मीटर फाईनल किये जोन की तिथि दिनांक 20.09.2024 तक के विद्युत बिलों को माननीय् UERC के उपरोक्त रेगुलेशन के अनुसार संशोधित किया जाये एवं सही मीटर स्थापित किये जाने के उपरान्त नियमित बिल जारी करने की तिथि तक (07.03.2026) कारण एकमुश्त रूप से आरोपित सरचार्ज/विलम्ब अधिभार पूर्णतः निरस्त करते हुए परिवादी को आदेश प्राप्ती के 30 दिनों के अंतर्गत संशोधित विद्युत बिल प्रेषित किया

जाना सुनिश्चित करे। इस प्रकार संशोधित बीजक पर किसी भी प्रकार का सरचार्ज देय नहीं होगा। अनुपालन आख्या 30 दिवस के भीतर मंच के समक्ष प्रस्तु की जाए। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का वाद व्यय/प्रतिकर प्राप्त नहीं करेंगे। **इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने** पर परिवादी आदेश **प्राप्ति के** 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80 **बसंत विहार, देहरादून में अपील कर सकता है।** पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

24-7-2026
(सुन्दरी गैरोला देवली)
न्यायिक सदस्य

24/07/26
(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

(रजनीश माथुर)
तकनीकी सदस्य
24/07

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135-2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रो
देहरादून – 24800
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–276739
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

परिवाद सं0 43/2026

श्रीमती पूर्णिमा राणा पत्नी श्री गोवर्धन राणा — परिवादी
निवासी– एन फिल्ड टी स्टेट निकट एस बी कालेज
विकासनगर, देहरादून

बनाम

अधिशासी अभियन्ता — विपक्षी
विद्युत वितरण खण्ड (विकासनगर)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून।

कोरम — दिनांक: 07.07.2026

श्री रजनीश माथुर — तकनीकी सदस्य
श्रीमती सुन्दरी गैरोला देवली — न्यायिक सदस्य
श्री दीपक फरस्वाण — उपभोक्ता सदस्य

निर्णय

परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद स्थाई रूप से विद्युत संयोजन को विच्छेदित करने के सम्बन्ध में योजित किया गया है।

परिवादी का कथन है कि " *मेरी दुकान सिनेमा गली विकासनगर में स्थित है मेरा विद्युत कनैक्शन संख्या VN63127400897 है। व्यक्तिगत कारणो से हमे दुकान बंद करनी पड़ी लेकिन विद्युत बिल नियमित रूप से जमा किए जाते रहे। आखिरी बिल 11.11.2020 को भुगतान किया गया लेकिन इसके पश्चात विभाग की*

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

और से बिल आना बंद हो गए। कुछ माह प्रतीक्षा करने के पश्चात् कार्यालय में पता करने पर कहा गया कि अभी आपका बिल जारी नही हुआ है। कुछ समय बाद जब दुकान मे बिजली चैक करने पर पता चला कि बिना किसी सूचना के दुकान की बिजली काट दी गई है। हमारा बिजली का मीटर, मीटर पैनल बाक्स में लगा होने के कारण हमे काफी समय बाद इसका पता चल पाया। जबकि लाईन मैन से संपर्क किया तो उसने बिजली कटने के बारे में बताया और मीटर में अन्तिम रीडिंग जो कि 22.03.2025 को 363 थी लाईन मैन सजय के द्वारा अंकित की गयी। कार्यालय से बिल निकलवाने पर बिल रू0 46750 दर्शाया गया। इस बीच बिल को ठीक कराने के लिए कार्यालय के चक्कर लगाते रहे लेकिन कोई समाधान नहीं हो पाया। अभी वर्तमान मे जानकारी लेने पर बताया गया कि आपका कनैक्शन स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। जिसके बारे में पूर्व में कोई सूचना नहीं दी गयी। अतः इस सम्बन्ध में निवेदन है मेरी इस समस्या का न्यायपूर्ण समाधान किया जाये जिससे मैं बिल का भुगतान कर सकूं क्योंकि दुकान बंद रहने के कारण बिजली का कोई उपयोग नहीं हुआ है।"

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 3968 दिनांकित 30/05/2026 से मंच को अवगत कराया गया है कि "श्रीमती पूर्णिमा राणा पत्नी श्री गोवर्धन राणा, निवासी–एनफिल्ड टी–स्टेट, निकट एस0बी0 कालेज, विकासनगर, देहरादून के सम्बन्ध में बिन्दुवार आख्या निम्नानुसार है:–

1. परिवादी का संयोजन घरेलू श्रेणी की उपश्रेणी STN-25/Small Non-Domestic Load Upto 04 KW 21 सितम्बर 2011 को निर्गत किया गया था, जिसकी संयोजन सं0 VN63127400897 है।

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रो
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

2 *परिवादी के संयोजन पर रू0 28,613.00 बकाया होने पर माह 07/2025 को अस्थाई विच्छेदन विच्छेदित किया गया।*

3 *परिवादी के द्वारा अस्थाई विच्छेदन के पश्चात् भी उपभोक्ता द्वारा बकाया बिल रू0 28,613.00 जमा नही किया गया जिस कारण उपभोक्ता का संयोजन दिनांक 27.01.2026 को स्थाई रूप से विच्छेदित किया गया।"*

मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि परिवादी के विद्युत संयोजन पर विभाग द्वारा दिनांक 29.10.2018 को मीटर की वास्तविक KWh रीडिंग 400 के आधार पर विद्युत बिल निर्गत किया गया। इसके उपरात विभाग द्वारा नियमित रूप से वास्तविक मीटर रीडिंग अंकित कर बिल निर्गत नहीं किए गए, बल्कि लगभग समस्त बिल NA.NR.RDF (Provisional) के आधार पर निर्गत किए जाते रहे।

अभिलेखों से यह भी स्पष्ट है कि पुनः दिनांक 23.12.2025 को विभाग द्वारा मीटर की वास्तविक KWh रीडिंग 462 अंकित करते हुए बिल निर्गत किया गया। अर्थात दिनांक 29.10.2018 से 23.12.2025 तक लगभग सात वर्ष की अवधि में मीटर को वास्तविक खपत मात्र 62 यूनिट (462–400 =62 यूनिट) दर्ज हुई है।

उपरोक्त चर्चा के उपरान्त मंच का मत है कि उक्त दीर्घ अवधि में केवल 62 यूनिट विद्युत ऊर्जा का वास्तविक उपभोग किया गया है, तो विभाग द्वारा इस अवधि में NA.NR.RDF के आधार पर निर्गत बिलों मे ऊर्जा प्रभार (Energy Charges) (Provisional) आधार पर आरोपित करना न्यायोचित एवं विधिसम्मत नहीं कहा जा सकता।

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135-2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रो
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

माननीय् UERC विद्युत आपूर्ति संहिता विनियम के अनुसार वितरण लाइसेंसी का दायित्व है कि वह वास्तविक मीटर रीडिंग के आधार पर बिलिंग करें लगातार NA,NR,RDF बिल जारी करना विभागीय त्रुटि है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव उपभोक्ता पर नहीं डाला जा सकता।

विपक्षी यह भी सिद्ध करने में असफल रहा है कि उक्त अवधि मे नियमित रूप से वास्तविक मीटर रीडिंग लेने का कोई प्रयास किया गया अथवा उपभोक्ता द्वारा रीडिंग लेने में कोई बाधा उत्पन्न की गई। अतः विपक्षी द्वारा निर्गत NA,NR,RDF के आधार पर अतिरिक्त देयता आरोपित किया जाना प्राकृतिक न्याय एवं UERC के विनियमों के विपरीत है।

उपरोक्त के क्रम में मंच द्वारा विपक्षी को निर्देशित किया जाता है कि दिनाक 29.10.2018 से 23.12.2025 तक निर्गत समस्त NA,NR,RDF (Provisional) बिलो को संशोधित करें। उक्त अवधि के बिलों में ऊर्जा प्रभार (Energy Charges) समाप्त करते हुए केवल नियमानुसार देय फिक्सड चार्ज/ स्थायी प्रभार ही आरोपित किया जाए। परिवादी के खाते एवं लेजर का संशोधन करते हुए अंतिम वास्तविक मीटर रीडिंग 462 KWh के आधार पर अंतिम देयता का पुनर्निर्धारण किया जाए एवं परिवादी को उक्त के क्रम में संशोधित स्थाई विच्छेदन कार्यालय ज्ञाप जारी किया जाना तर्कसगत एवं न्याययोचित होगा।

## आदेश

परिवाद स्वीकार किया जाता है एवं विपक्षी को आदेशित किया जाता है कि दिनाक 29.10.2018 से 23.12.2025 तक निर्गत समस्त NA,NR,RDF (Provisional) बिलों का संशोधन करें। उक्त अवधि के बिलों में

ऊर्जा प्रभार (Energy Charges) समाप्त करते हुए केवल नियमानुसार देय फिक्स्ड चार्ज/ स्थायी प्रभार ही आरोपित किया जाए। परिवादी के खाते एवं लेजर का संशोधन करते हुए अंतिम वास्तविक मीटर रीडिंग 462 KWh के आधार पर अंतिम देयता का पुनर्निर्धारण किया जाए एवं परिवादी को उक्त के क्रम में संशोधित स्थाई विच्छेदन कार्यालय ज्ञाप जारी करे। इस प्रकार संशोधित स्थाई विच्छेदन कार्यालय ज्ञाप पर किसी भी प्रकार का सरचार्ज देय नहीं होगा। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का वाद व्यय/प्रतिकर प्राप्त नही करेंगे। **इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80, बसंत विहार, देहरादून में अपील कर सकता है।** पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

7-7-2026
(सुन्दरी गैरोला देवली)
न्यायिक सदस्य

07/07/26
(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

(रजनीश माथुर)
तकनीकी सदस्य

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail - cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मं
(गढ़वाल क्षेत्र
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली र
देहरादून – 24800
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 276195
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स-0135–276739
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

परिवाद सं0 ONL 45/2026

**श्री नारायण सिंह** — परिवादी
निवासी– मकान नं0–02, लेन नं0–7
सुमेरू विहार झिवारेडी, देहरादून।

बनाम

**अधिशासी अभियन्ता** — विपक्षी
विद्युत वितरण खण्ड (मोहनपुर)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून।

**कोरम** — दिनांक: 28.07.2026

**श्री रजनीश माथुर** — तकनीकी सदस्य
**श्रीमती सुन्दरी गैरोला देवली** — न्यायिक सदस्य
**श्री दीपक फरस्वाण** — उपभोक्ता सदस्य

## निर्णय

परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद क्षतिपूर्ति दावा संबधी शिकायत के सम्बन्ध में योजित किया गया है।

परिवादी का कथन है कि " *आपके कार्यालय को लिखित पत्र दिए जाने के बावजूद मेरी ऑनलाइन शिकायत संख्या 11302260014 पर कोई भी कार्यवाही नही की गई है।*"

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 7117 दिनांकित 21/05/2026 से मंच को को बिन्दुवार अवगत कराया गया है कि:–

**Electricity Consumer Grievance Redressal Forum**
(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

*बिन्दु संख्या 01– उपभोक्ता द्वारा दिनांक 12.02.2026 को ऑनलाइन माध्यम से अपने परिसर पर लाइट न होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके सापेक्ष लाईन मैन द्वारा पोल से केबल को टाईट कर विद्युत सप्लाई सुचारू कर शिकायत का निवारण कर दिया गया था।*

***बिन्दु संख्या 02***– *उपभोक्ता द्वारा दिनांक 25.02.2026 को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में भी हाई वोल्टेज सम्बन्धी लिखित शिकायती पत्र प्रस्तुत किया गया था जिसके सापेक्ष अवर अभियन्ता द्वारा स्वंय उनके परिसर पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया गया एवं अवर अभियन्ता द्वारा लिखित आख्या में बताया गया कि उपभोक्ता के उपकरण अपनी परिसर की लाईन फॉल्ट आने के कारण जले है, जबकि उस दिन विभागीय विद्युत लाईन में कोई हाई वोल्टेज प्रभावित नही हुई।*

***बिन्दु संख्या 03***– *दिनांक 13.02.2026 को सुमेरू विहार जो कि घनी आबादी वाला क्षेत्र है वहाँ से अन्य किसी भी उपभोक्ता द्वारा हाई वोल्टेज से सम्बन्धित कोई भी शिकायत प्राप्त नही हुई। (पुष्टि हेतु बिजली घर के शिकायती पंजिका की छायाप्रति संलग्न) साथ ही यह भी अवगत कराया गया है कि अवर अभियन्ता द्वारा स्थलीय निरीक्षण करने पर आस–पास अन्य किसी भी उपभोक्ता के परिसर पर हाई वोल्टेज प्रभावित नही हुई थी।"*

मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध परिवादी के शिकायती पत्र से स्पष्ट है कि उनकी मूल शिकायत दिनांक 12.05.2026 को हाई वोल्टेज के कारण इलेक्ट्रानिक उपकरणों को हुए नुकसान के क्रम में क्षतिपूर्ति दिलाये जाने में उक्त वाद योजित किया गया है। पत्रावली पर उपलब्ध परिवादी के शिकायती पत्र के क्रम में विपक्षी द्वारा अपनी उपरोक्त विस्तृत आख्या के माध्यम से मंच को अवगत

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र
वि०क्रॉ०वि० गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रो
देहरादून – 24800
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–276739
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

कराया गय उपभोक्ता द्वारा दिनाक 25.02.2026 को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में भी हाई वोल्टज सम्बन्धी लिखित शिकायती पत्र प्रस्तुत किया गया था जिसके सापेक्ष अवर अभियन्ता द्वारा स्वंय उनके परिसर पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया गया एवं अवर अभियन्ता द्वारा लिखित आख्या में बताया गया कि **उपभोक्ता के उपकरण उनके परिसर की लाईन फॉल्ट आने के कारण जले है**, जबकि उस दिन विभागीय विद्युत लाईन में कोई हाई वोल्टेज फाल्ट नहीं आया। अन्यथा सुमरू विहार जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र में अन्य उपभोक्ताओं के यहाँ स्थापित इलेक्ट्रानिक उपकरण के क्षतिग्रस्त होने की शिकायत प्राप्त होती, जो की नहीं हुई मंच का मानना है कि यह घटना **Force-Majeure conditions** की श्रेणी मे आती है। अतः **UERC** के **Standard of Performance Regulations, 2022** के 10(1) विनियम के आलोक में यह कार्य निष्पादन के मानक विनियम 2022 निलंबित रहेगें। मंच का मानना है कि विपक्षी द्वारा किसी कार्य निष्पादन के मानक का उल्लंघन नहीं है।

इसके अतिरिक्त **UERC (Standard of Performance Regulations), Schedule III ( Guaranteed Standards of Performance and Compensation to affected person in Case of Default)** के क्लाज 5 **Damage to consumer's apparatus due to voltage fluctuations [ If apparatus of more than one consumer in close neighbourhood are affected and subject to physical verification of the damaged apparatus by the Licensee within 72 hours followed by submission of documentary evidence by affected consumer with regard to expenses incurred on repair* charges and its verification by the Licensee]**

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रो
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

**" In case of replacement or exchange of any damaged apparatus/ equipment with new one the compensation shall be limited to the extend of repair charges mentioned in this clause subject to the production of original bill and its verification by the Licensee,** से स्पष्ट है कि एक से अधिक उपभोक्ताओं द्वारा हाई वोल्टेज के कारण विद्युत उपकरण जलने की स्थिति में ही क्षतिपूर्ति प्रदान की जा सकती है। उक्त के सबंध में विपक्षी द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त क्षेत्र में किसी अन्य उपभोक्त के मीटर अथवा घरेलू उपकरण क्षतिग्रस्त होने की कोई शिकायत विभाग को प्राप्त नहीं हुई, सम्भवता परिवादी के घर की वायरिंग सबंधित कोई समस्या होने के कारण घरेलू उपकरण क्षतिग्रस्त हुए होगें। अतः उपरोक्त चर्चा के उपरांत मंच इस मत का है कि उक्त घटना **Force-Majeure Condition** की श्रेणी में आती है। अतः इस परिस्थिति में परिवादी को क्षतिपूर्ति प्रदान किया जाना तर्कसंगत एवं न्यायोचित नही होगा।

## आदेश

उपरोक्त परिस्थिति उपरान्त प्रस्तुत वाद खारिज किया जाता है। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का वाद व्यय/प्रतिकर प्राप्त नही करेंगे। इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत ओम्बड्समैन, 80, बसंत विहार, देहरादून में अपील कर सकता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

| | | |
|---|---|---|
| 28-7-2026 | 28/07/26 | 28/07/26 |
| (सुन्दरी गैरोला देवली) | (दीपक फरस्वाण) | (रजनीश माथुर) |
| न्यायिक सदस्य | उपभोक्ता सदस्य | तकनीकी सदस्य |

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढवाल क्षेत्र
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रं
देहरादून – 24800
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–276739
ई मेल cgrfgz@gmail.com

**परिवाद सं0 ONL 46/2026**

| | |
|---|---|
| **श्री विरेन्द्र सिंह**<br>निवासी– 20/24 मोती बाजार<br>देहरादून। | **परिवादी** |

**बनाम**

| | |
|---|---|
| अधिशासी अभियन्ता<br>विद्युत वितरण खण्ड (केन्द्रीय)<br>उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0<br>देहरादून। | **विपक्षी** |

| | |
|---|---|
| कोरम | दिनांक: 07.07.2026 |
| श्री रजनीश माथुर | तकनीकी सदस्य |
| श्रीमती सुन्दरी गैरोला देवली | न्यायिक सदस्य |
| श्री दीपक फरस्वाण | उपभोक्ता सदस्य |

## निर्णय

परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद विद्युत मीटर कार्य न किये जाने के सम्बन्ध में योजित किया गया है।

परिवादी का कथन है कि " *विद्युत मीटर काम नहीं कर रहा है। मीटर रीडिंग लेने आये व्यक्ति द्वारा हमें बताया गया कि विद्युत मीटर कार्य नहीं कर रहा है जिसकी शिकायत हमें दर्ज करानी पडेगी।* "

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 269 दिनांकित 29/05/2026 से मंच को अवगत कराया गया है कि "*उपभोक्ता के मीटर को बदल दिया गया है, एवं नया मीटर लगा दिया गया है।*"

परिवादी द्वारा अपनी शिकायत के संदर्भ में मंच को अवगत कराया गया है कि उनके परिसर पर स्थापित विद्युत मीटर कार्य नहीं कर रहा है। मीटर रीडर द्वारा भी उन्हें इस संबंध में अवगत कराया गया था जिस के

**Electricity Consumer Grievance Redressal Forum**
(Garhwal Zone)
V.C.V.Gahar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135-2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

उपरान्त उनके द्वारा इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी, किन्तु शिकायत दर्ज कराये जाने के उपरांत भी काफी समय तक मीटर परिवर्तित नही किया गया।

विपक्षी द्वारा परिवादी की शिकायत के क्रम मे मंच को अवगत कराया गया है कि परिवादी के परिसर पर स्थापित खराब विद्युत मीटर को परिवर्तित कर नया विद्युत मीटर स्थापित कर दिया गया है

**मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया।** मंच द्वारा विपक्षी द्वारा प्रस्तुत आख्या का **परीक्षण किए** जाने पर यह स्पष्ट है कि परिवादी की शिकायत का समाधान कर दिया गया है।

उपरोक्त चर्चा उपरान्त मंच इस मत का है कि विपक्षी द्वारा परिवादी की खराब विद्युत मापक संबधी शिकायत का निवारण नया विद्युत मीटर स्थापित कर कर दिया गया है।

विपक्षी द्वारा परिवादी की मूल शिकायत का समाधान कर दिये जाने के फलस्वरूप वाद आगे चलाने का कोई औचित्य नही रह जाता है। अतः वाद निस्तारित किये जाने योग्य है।

## आदेश

विपक्षी द्वारा परिवादी की मूल शिकायत का समाधान कर दिये जाने के फलस्वरूप निस्तारित किया जाता है। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का प्रतिकर/वाद–व्यय प्राप्त नही करेंगे। ***इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80, बसंन्त विहार, देहरादून में अपील कर सकते हैं।*** पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

7-7-2026
(सुन्दरी गैरोला देवली)
न्यायिक सदस्य

07/07/26
(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

07/07/2
(रजनीश माथुर)
तकनीकी सदस्य

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रो
देहरादून – 24800
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय 0135–2763672–75 फैक्स–0135–276739
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

**परिवाद सं0 51/2026**

**श्री प्रदीप कुमार,**
निवासी–हरबशवाला, निकट काली मंदिर, वसंत विहार, देहरादून। — परिवादी

**बनाम**

**अधिशासी अभियन्ता**
विद्युत वितरण खण्ड (दक्षिण)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून। — विपक्षी

कोरम — दिनांक: 24.07.2026

श्री रजनीश माथुर — तकनीकी सदस्य
श्रीमती सुन्दरी गैरोला देवली — न्यायिक सदस्य
श्री दीपक फरस्वाण — उपभोक्ता सदस्य

## निर्णय

परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद उनके विद्युत बिल संशोधित किये जाने के सम्बन्ध मे योजित किया गया है।

परिवादी का कथन है *"कि मेरे घर में बिजली का बिल ज्यादा आ रहा है। मेरा बिजली का खाता नं0–42000453311 है मेरा आपसे निवेदन है कि इस बारे में कोई प्रतिक्रिया ले। मेरा कनैक्शन न0–SD66326338408 मैनें अपना बिजली का बिल भी लगाया है इस पत्र के साथ।"*

**उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी** उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 308, दिनांकित 22/06/2026 से मंच को **अवगत कराया है** *"कि उपभोक्ता श्री प्रदीप कुमार, निवासी–हरबंशवाला, निकट काली मंदिर, वसंत विहार, देहरादून द्वारा उनके विद्युत सयोजन खाता संख्या 42000453311 का बिल ज्यादा आने कि शिकायत की है। इस सम्बन्ध में उपभोक्ता श्री प्रदीप कुमार, हरबशवाला, देहरादून के विद्युत संयोजन पर स्थापित स्मार्ट मीटर के 01.09.2025 से दिनांक 01.06.2026 तक की खपत एवं एम0डी0 की सूचना संलग्न की जा रही है। जिसमें पाया गया है कि उपभोक्ता द्वारा माह मई 2026 में अब तक की अधिकतम एम0डी0 5.227 किलोवॉट प्रयोग की गई है, जिसके*

*कारण उपभोक्ता के माह मई 2026 का बिल 123 यूनिट का आया है। अतः मीटर में दर्ज एम०डी० 5.227 किलोवॉट को दृष्टिगत रखते हुए उपभोक्ता की खपत सही पायी गई है। उपभोक्ता का विद्युत बिल मीटर रीडिंग एवं वर्तमान टैरिफ के अनुसार निर्गत हुआ है।"*

**मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया।** पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेखों के अवलोकन से यह सिद्ध होता है कि विवादित माह में परिवादी द्वारा स्वीकृत विद्युत भार से अधिक 5.227 KW विद्युत भार का उपयोग किया गया है।

परिवादी ऐसा कोई तकनीकि अथवा दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सके जिससे यह सिद्ध हो कि मीटर त्रुटिपूर्ण अथवा बिल वास्तविक खपत से अधिक है।

उपरोक्त चर्चा के उपरान्त मंच का मत है कि विपक्षी द्वारा जारी किये गये विद्युत बिल परिवादी की वास्तविक विद्युत खपत के अनुरूप है तथा उसमें किसी प्रकार के संशोधन का कोई औचित्य परिलक्षित नहीं होता। अतः इस परिस्थिति में परिवादी को कोई अनुतोष प्रदान नहीं किया जा सकता है। अतः वाद खारिज किये जाने योग्य है।

## आदेश

प्रस्तुत वाद खारिज किया जाता है। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का प्रतिकर/वाद–व्यय प्राप्त नहीं करेंगे। ***इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80, बसंन्त विहार, देहरादून में अपील कर सकते हैं।*** पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

24-7-2026 | 24/07/2026 | 24/07/2026

(सुन्दरी गैरोला देवली)
न्यायिक सदस्य

(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

(रजनीश माथुर)
तकनीकी सदस्य

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail - cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण म
(गढ़वाल क्षे
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 2480
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 276195
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–27673
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

परिवाद सं0 52/2026

**श्री जगदीश प्रसाद** — परिवादी
निवासी– हरवंशवाला निकट काली मंदिर,
वंसत विहार, देहरादून।

**बनाम**

**अधिशासी अभियन्ता** — विपक्षी
विद्युत वितरण खण्ड (दक्षिण)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून।

**कोरम** — **दिनांक:** 27.07.2026

**श्री रजनीश माथुर** — तकनीकी सदस्य
श्रीमती सुन्दरी गैरोला देवली — न्यायिक सदस्य
श्री दीपक फरस्वाण — उपभोक्ता सदस्य

## निर्णय

परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद विद्युत बिल अत्याधिक आने के सम्बन्ध में योजित किया गया है।

परिवादी का कथन है कि " *मेरे घर में बिजली का बिल ज्यादा आ रहा है, मेरा खाता संख्या 40105023172 है। मेरा आपसे निवेदन है की इस बारे में जल्द से जल्द एक्शन ले। मेरा कनेक्शन नं0 SD1631581751 है, मैने बिजली का बिल भी साथ मे लगाया है।*"

उपरोक्त के संन्दर्भ मे विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 306 दिनांकित 22/06/2026 से मंच को अवगत कराया गया है कि "*उपभोक्ता श्री जगदीश, निवासी– हरबंशवाला, निकट काली मंदिर, वसंत विहार,*

*देहरादून द्वारा उनके पिताजी के संयोजन खाता संख्या 40105023172 का बिजली का बिल ज्यादा आने की शिकायत की है। इस संबंध में दि0 20.06.2026 को उपभोक्ता श्री जगदीश, हरबंशवाला, देहरादून के विद्युत संयोजन का निरीक्षण किया गया तथा द्वारा में उपलब्ध विद्युत उपकरणों का कुल विद्युत भार 5.96 किलोवाट पाया गया। मीटर संख्या 5618344 में रीडिंग 2333 के0डब्ल0एच0 एवं अधिकतम डिमांड (एम0डी0) 2.97 किलोवॉट पाई गई। सुलभ संदर्भ हेतु चैकिंग रिर्पोट बुक संख्या 65, कम सं0 43 की छायाप्रति संलग्न है। अतः निरीक्षण के दौरान पाये गये विद्युत उपकरणों जैसे फ्रिज–1, पंखे–4,टी0वी0–1, कूलर–1, विन्डो ए0सी0–1, वाशिंग मशीन–1, गीजर–1, एल.ई.डी. ट्यूब लाईट–4 (कुल भार 5.96 किलोवॉट) के सापेक्ष मीटर में दर्ज एम0डी0 2.97 किलोवॉट को दृष्टिगत रखते हुए उपभोक्ता की खपत सही पायी गई है। उपभोक्ता का विद्युत बिल मीटर रीडिग एवं वर्तमान टैरिफ के अनुसार निर्गत हुआ है। स्मार्ट मीटर में उपभोक्ता के माह सितम्बर 2025 से दि0 01.06.2026 तक की खपत एवं एम0डी0 की सूचना भी संलग्न की जा रही है।"*

**मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया।** परिवादी द्वारा मंच के समक्ष प्रस्तुत शिकायत मे यह कथन किया गया है कि उनके विद्युत संयोजन पर विद्युत बिल अत्यधिक मात्रा मे प्रेषित किए जा रहे हैं, जो वास्तविक उपभोग के अनुरूप नहीं है। अतः प्रेषित विद्युत बिलो का परीक्षण कर संशोधन किए जाने की प्रार्थना की गई है।

विपक्षी द्वारा सुनवाई के दौरान अपनी आख्या के अनुसार दिनांक 20.06.2026 को परिवादी के परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय परिसर में स्थापित विद्युत उपकरणों का कुल संयोजित भार

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail - cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रो
देहरादून – 24800
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–276739
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

लगभग 5.96 किलोवाट पाया गया तथा मीटर पर दर्ज अधिकतम मॉग (Maximum Demand) 2.97 किलोवाट पाई गई। निरीक्षण रिपोर्ट एवं छायाचित्र भी अभिलेख पर प्रस्तुत किए गए।

विपक्षी द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि परिवादी के बिल उपभोक्ता की वास्तविक मासिक विद्युत खपत एवम् वर्तमान टैरिफ के आधार पर ही निर्गत किए जा रहे है। माह सितम्बर 2025 से दिनांक 01.06.2026 तक की विद्युत खपत एवं अधिकतम मॉग का विवरण भी अभिलेख पर उपलब्ध कराया गया, जिससे यह परिलक्षित होता है कि मीटर द्वारा दर्ज की गई खपत उपभोक्ता के परिसर मे स्थापित विद्युत भार एव उपयोग के अनुरूप है।

मंच द्वारा परिवादी के कथनों, विपक्षी की आख्या, निरीक्षण रिपोर्ट, मीटर विवरण तथा अभिलेख पर उपलब्ध समस्त साक्ष्यों का सावधानीपूर्वक परीक्षण किया गया। अभिलेखों से ऐसा कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं हुआ जिससे यह सिद्ध हो सके कि विद्युत मीटर दोषपूर्ण है। इसके विपरीत विपक्षी द्वारा प्रस्तुत निरीक्षण प्रतिवेदन एव मीटर संबधी अभिलखों से यह स्थापित होता है कि परिवादी को उनकी वास्तविक मासिक विद्युत खपत के आधार पर ही विद्युत बिल जारी किए जा रहे है।

उपरोक्त चर्चा के उपरान्त मंच का मत है कि परिवादी द्वारा लगाए गए अरोप अभिलेखीय साक्ष्यों से सिद्ध नहीं होते हैं तथा विपक्षी द्वारा जारी किए गए विद्युत बिल नियामानुसार एवं वास्तविक खपत के अनुरूप हैं। ऐसी स्थिति में मंच को विद्युत बिलों में हस्तक्षेप किए जाने का कोई औचित्य प्रतीत नहीं होता है।

उपरोक्त परिस्थितियों उपरान्त उक्त वाद आगे चलाने का कोई औचित्य नही रह जाता है। अतः वाद खारिज किये जाने योग्य है।

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि०क्रॉ०वि० गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

## आदेश

उपरोक्त परिस्थितियो उपरांत उक्त वाद खारिज किया जाता है। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का वाद व्यय/प्रतिकर प्राप्त नही करेंगे। **इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80, बसंत विहार, देहरादून में अपील कर सकता है।** पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

27-7-2026
(सुन्दरी गैरोला देवली)
न्यायिक सदस्य

27/07/26
(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

27/7/26
(रजनीश माथुर)
तकनीकी सदस्य

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

**परिवाद सं0 53/2026**

**श्रीमती अनीता देवी पत्नी स्व० श्री सेवक राम** — **परिवादी**
निवासी–ग्राम बडोवाला, नगर निगम
वार्ड न०–93, देहरादून।

**बनाम**

**अधिशासी अभियन्ता** — **विपक्षी**
विद्युत वितरण खण्ड (मोहनपुर)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून।

कोरम — दिनांक: 27.07.2026

श्री रजनीश माथुर — तकनीकी सदस्य
श्रीमती सुन्दरी गैरोला देवली — न्यायिक सदस्य
श्री दीपक फरस्वाण — उपभोक्ता सदस्य

## निर्णय

परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद उनके विद्युत बिल संशोधित किये जाने के सम्बन्ध में योजित किया गया है।

परिवादी का कथन है *"कि मैं श्रीमती अनीता देवी पत्नी स्व० श्री सेवक राम, निवासी–बडोवाला वार्ड 93 नगर निगम आरकेडिया हमारा विद्युत सब स्टेशन गणेशपुर महोदय यह मेरा कार्यशल विद्युत कनैक्शन है जिसका नं० MP61403160146 व मीटर संख्या 96204349 है। महोदया हमारा हर माह बिल दो से ढाई हजार के बीच मे आता था। जो कि मई में जो बिल आया है वह बहुत अधिक रू० 49473 (उन्चास हजार चार सौ तीहत्तर रूपये) आया है। जिसकी सूचना मैंने गणेशपुर बिजली विभाग में अधिकारी को दे दी गई थी जिस पर विभाग द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। अतः महोदय से निवेदन है मेरे इस प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही कर मेरा बिजली का बिल सही करवाने की कृपा करें। जिससे की मैं उचित बिल जमा कर सँकू इसके लिए मै सदैव आपकी आभारी रहूँगी।"*

**Electricity Consumer Grievance Redressal Forum**
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

**उपरोक्त के सन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 7189, दिनांकित 12/06/2026 से मंच को अवगत कराया है कि–**

1. *"उपभोक्ता का वर्तमान विद्युत बिल उपभोक्ता द्वारा उपभोग की गई वास्तविक रीडिंग के आधार पर निर्गत किया गया है।*
2. *उपभोक्ता के परिसर पर 02 कि0वा0 का अघरेलू संयोजन लिया गया है, जिसके सापेक्ष अलग–अलग पॉच दुकाने संचालित की जा रही है, जिसमें से एक बेकरी की दुकान भी संचालित थी, जो कि वर्तमान समय पर काफी दिनों से बन्द है।*
3. *उपभोक्ता द्वारा अधिक बिल आने सम्बन्धी चेक मीटर हेतु आवेदन किया गया था, जिसके पश्चात् दिनांक 30.05.2026 को उपभोक्ता के परिसर पर चेक मीटर स्थापित कर दिया गया था। जिसकी आख्यानुसार उपभोक्ता के मैन मीटर व चैक मीटर में कोई अंतर नहीं पाया गया।*

*अतः उपभोक्ता के विद्युत बिल में वर्तमान में किसी भी प्रकार का संशोधन अवशेष नहीं है।"*

मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का **अवलोकन किया गया।** परिवादी का कथन है कि बिल चक्र 05/2026 में 5143 यूनिट का रू0 49371.00 की अत्यधिक राशि का प्राप्त हुआ। परिवादी द्वारा विवादित देयता के सापेक्ष कई बार विद्युत विभाग को अवगत कराया, तथापि विवाद का समाधान नहीं हुआ।

विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने मंच के निर्देशो के क्रम में सुनवाई तिथि दिनांक 29.06.2026 को Tamper Report प्रस्तुत की गई। उनके द्वारा मंच को अवगत कराया कि परिवादी के परिसर में अर्थ फाल्ट है, जिस कारण उनका माह मई 2026 का बिल अधिक आया है इस की पुष्टि टैम्पर रिपोर्ट से की जा सकती है, जिसमें अर्थ लोड अवधि (27.02.2026 से 09.04.206 तक) मे विद्युत उपभोग 4854.20 दर्ज कया गया है। जिसमें पाया गया कि दिनांक 09.04.2026 को Consumption During Tamper 4854.20 Kwh दर्शाया गया है।

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कांवली रं
देहरादून – 24800
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 276195
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–276739
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

मंच द्वारा उपखण्ड अधिकारी के पत्रांक 7189 दिनांक 12.06.2026 का सज्ञान लिया गया जसमे उनके द्वारा यह माना है कि परिवादी की पॉच दुकानों (जो कि स्थापित सयोजन से संचालिय थी) में से एक बेकरी की दुकान वर्तमान समय पर काफी दिनों से बन्द है। तथापित अभिलेखों पर ऐसा कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं है जिससे यह सिद्ध हो कि माननीय UERC के विनियम 5.1.2(5) के अनुरूप विपक्षी द्वारा परिवादी को अर्थ लीकेज संबंधी सूचना उपलब्ध कराई गई। अतः प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत केवल अर्थ लोड टैम्पर के आधार पर विवादित बिल को वैध नहीं माना जा सकता है।

यहाँ पर यह उल्लेख करना आवश्यक है कि मान्नीय Uttarakhand Electricity Regulatory Commission के विनियम UERC (The Electricity Supply Code, Release of New Connections and Related Matters) Regulations, 2020 के विनियम 5.1.2(5) मे अर्थिंग संबधी मामलो की बिलिंग हेतु स्पष्ट उल्लेख किया गया है जो कि निम्वत् है -

5.1.2(5) "Time of Day (ToD) meters, whever installed shall be read only through Meter Reading Instrument (MRI). **It shall be the duty of Licensee's official to read tha meter and check condition of LEDs on electronic meters. In case Earth Leakage (E/L) LED indicator,provided on electronic meters, is found 'ON' he shall inform the consumer that there is leakage in the premises and advise him to get his wiring checked and leakage removed. He shall also inform concerned officer of the Licensee about the leakage."**

[Emphasis Added]

उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि विपक्षी द्वारा उक्त प्रकरण में मान्नीय UERC के उपरोक्त विनियमो का उलघन किया गया है, जिसे मंच स्वीकार नही कर सकता है। अतः इस परिस्थिति में परिवादी को दिनांक 15.05.2026 के

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail - cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

बिल चक्र में प्रेषित बिल को UERC के उपरोक्त वर्णित विनियम के दृष्टिगत निरस्त कर उक्त विद्युत बीजक को पूर्व के तीन एम0यू0 बिल चक्रों यथा 03/2026, 02/2026 एवं 01/2024 की औसत खपत 07.53 (182+266+253)/93 अर्थात् 08 यूनिट प्रति दिन के अनुसार संशोधित किया जाना तर्कसंगत एवं न्यायोचित होगा।

## आदेश

मंच द्वारा विपक्षी को आदेशित किया जाता है कि परिवादी को दिनांक 15.05.2026 के बिल चक्र मे प्रेषित बिल को UERC के उपरोक्त वर्णित विनियम के दृष्टिगत निरस्त कर उक्त विद्युत बीजक को पूर्व के तीन एम0यू0 बिल चक्रों यथा 03/2026, 02/2026 एवं 01/2024 की औसत खपत 07.53 (182+266+253)/93 अर्थात् 08 यूनिट प्रति दिन के अनुसार संशोधितकरे। इस प्रकार संशोधित बीजक पर किसी भी प्रकार का सरचार्ज देय नही होगा। आदेश की अनुपालन आख्या 30 दिनों के अंतर्गत मंच के समक्ष प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का वाद व्यय/प्रतिकर प्राप्त नहीं करेंगे। **इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80 बसंत विहार, देहरादून में अपील कर सकता है।** पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

S/d
27-7-2026
(सुन्दरी गैरोला देवली)
न्यायिक सदस्य

27/07/26
(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

27/07/26
(रजनीश माथुर)
तकनीकी सदस्य

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रो
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–276739
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

परिवाद सं0 54/2026

श्री अतुल गंभीर केयर ऑफ श्रीमती अदिरेश दत्ता  
निवासी– 76 सेवक आश्रम रोड, नियर वैश्य  
नर्सिंग होम, देहरादून। — परिवादी

बनाम

अधिशासी अभियन्ता  
विद्युत वितरण खण्ड (उत्तर)  
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0  
देहरादून। — विपक्षी

कोरम — दिनांक: 17.07.2026

श्री रजनीश माथुर — तकनीकी सदस्य  
श्रीमती सुन्दरी गैरोला देवली — न्यायिक सदस्य  
श्री दीपक फरस्वाण — उपभोक्ता सदस्य

## निर्णय

The complainant registered the complaint regarding amending the inflated amount of electricity bill.

The Complainant submits and prays as under:-

*"This is to inform you that my electricity connection no. 7071441125007 is being billed by the Uttarakhand Power Corporation Limited, Dehradun North, Sahastradhra Road . That from the month of August, 2024 I suddenly started receiving large amount of electricity bills against which*

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढवाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

*complaint was being filed by me in electricity department. The person from the electricity department visited my residence and told me that the earthing point of electricity meter has got burnt due to which electricity is passing/used even if you are not using it. I was told by the person from the electricity department to get the meter changed for which you have to file a complaint at the helpline number for electricity complaints and power outages 1912. The Complaint was being registered for change of meter and the necessary fees was also deposited by me. The electricity meter was being changed on 11/03/2025 by the electricity department and the meter sealing certificate was being given to me. After the change of the electricity meter two electricity bills were being issued at regular intervals of time with reading of the units being utilized in those periods. The electricity bills were being regular deposited through the UPI payment mode and the receipt was being saved in the mobile. The electricity were being regularly paid by me through my UPI payment application whenever they were generated by the Uttarakhand Power Corporation Limited. That in the month of April, 2026 when I saw the electricity bill payment due on my UPI application, I opened the app. Window for payment of the electricity bill and what I found was a pending Electricity bill of Rs 1,01,761.00. I got myself registered on the UPCL portal and after login it was found that the previous electricity bills were being shown as RDF under the head of*

*नर्सिंग होम, देहरादून के परिसर पर संयोजन सं0 7071441125007 लगा है जो कि श्रीमती अदिरेश के नाम से है। मीटर रीडर त्रुटि से रीडिंग गलत डालने के कारण विद्युत बिल RDF का बनाया गया। जिसे दिनांक 28.03.2026 को संशोधित कर दिया गया। उपरोक्त के क्रम में उपभोक्ता द्वारा चैक मीटर लगवाया गया। चैक मीटर मे भी कोई अन्तर नहीं पाया गया। संशोधित बिल पूर्णतः सही तथा रीडिंग के आधार पर बनाया गया है (MRI Report संलग्न)। अतः उपभोक्ता का विद्युत बिल को पुनः संशोधित किया जाना सम्भव नहीं है।"*

मंच द्वारा पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध कंज्यूमर हिस्ट्री के अवलोकन से स्पष्ट है कि विपक्षी द्वारा परिवादी को दिनाक 17.05.2025 से 21.02.2026 अर्थात् लगभग 09 बिल चक्रों में RDF के आधार पर विद्युत बिल जारी किये गये, और उस के उपरान्त दिनांक 28.03.2026 को नया मीटर लगाये जाने के तिथि 11.03.2025 से 28.03.2026 तक संशोधित बिल निर्गत किया गया जिस पर परिवादी को आपत्ति है।

विपक्षी द्वारा सुनवाई तिथि दिनांक 15.06.2026 को प्रस्तुत आख्या का अवलोकन किया गया जिसे मंच द्वारा माननीय उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग के **Supply Code** विनियम के नियमानुसार न पाते हुए निरस्त किया जाता है।

यहाँ पर यह उल्लेख करना आवश्यक है कि माननीय **Uttarakhand Electricity Regulatory Commission** के विनियम **UERC (The Electricity Supply Code, Release of New Connections and Related Matters) Regulations, 2020** के विनियम 5.1.7(1) में त्रुटिपूर्ण/अटके

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि०क्रॉ०वि० गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रो
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स-0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

हुए रुके हुए/जले हुए मीटर के स्थल पर रहने की अवधि में या चोरी हुय मीटरो की बिलिंग हेतु स्पष्ट उल्लेख किया गया है जो कि निम्वत् है–

**5.1.7(1) "The Consumer shall be billed on the basic of the average consumption of the past three billing/cycles immediately preceding the date of the meter being found or being reported defective/stuck/stopped/burnt/stolen. These charges shall be leviable for a maximum period of 2 billing cycle during which time the Licensee is expected to have replaced the defective meter."** उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि विपक्षी द्वारा उक्त प्रकरण में मीटर बदले जाने की तिथि दिनांक 11.03.2025 के उपरान्त दो MU के बिल प्रेषित किये गये जिन में अंतिम रीडिंग 2355 KWH अंकित है, इसके उपरान्त लगातार 9 RDF के आधार पर बिल प्रेषित किये गये एव इसके उपरान्त दिनांक 28.03.2026 को एकाएक 18258 यूनिट का कुल रू0 101695.00 का संशोधित विद्युत बिल प्रेषित किया गया जो कि माननीय UERC के उपरोक्त विनियन का उलंघन है जिसे मंच स्वीकार नही कर सकता है अतः उपरोक्त परिस्थिति में परिवादी को दिनांक 17.05.2025 से 21.02.2026 तक 09 RDF के आधार पर प्रेषित बिल में से UERC के उपरोक्त वर्णित विनियम के अनुसार शुरूआत के सिर्फ दो बिलों की राशि ही परिवादी से लिया जाना सुनिश्चित करे तथा शेष 7 विद्युत बिलों को पूर्णतः निरस्त करे। माननीय् लोकपाल (विद्युत) 80, वसंत विहार देहरादून के वाद संख्या 16/2026 आदेश दिनांकित 15.07.2026 के आलोक में विपक्षी उक्त अवधि के बिलों में परिवादी से

फिक्स चार्ज भी नहीं लगा एवं दिनांक 21.02.2026 से 28.03.2026 तक के बिल को निरस्त कर उक्त विद्युत बिल को MU की गणना हेतु निम्वत् :–

दिनांक 28.04.2025 को नये मीटर की रीडिंग – 2355 KWH

दिनांक 28.03.2026 को नये मीटर की रीडिग – 19130 KWH

इस अवधि में प्रति दिन विद्युत उपभोग = (19130-2355)/335

= 50.07 प्रति दिन

21.02.2026 से 28.03.2026 की = 50.07 × 36

अवधि (36 दिनों) में विद्युत उपभोग = 1802.52 = 1803 MU

संशोधित किया जाना तर्कसंगत एवं न्यायोचित होगा।

## आदेश

मंच द्वारा विपक्षी को आदेशित किया जाता है कि परिवादी को दिनांक 17.05.2025 से 21.02.2026 अर्थात् 09 बिल चक्रों में RDF के आधार में प्रेषित बिलों मे से UERC के उपरोक्त वर्णित विनियम के अनुसार शुरूआत के सिर्फ दो बिलों की राशि ही परिवादी से लिया जाना सुनिश्चित करें तथा शेष 7 विद्युत बिलो को निरस्त कर उक्त विद्युत बिलों में केवल फिक्स चार्ज लिया जाना सुनिश्चित करें एवं दिनांक 21.02.2026 से 28.03.2026 तक के बिल को निरस्त कर उक्त विद्युत बिल को MU की गणना हेतु निम्वत् संशोधित करें :–

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढवाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉंवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

दिनांक 28.03.2026 को नये मीटर की रीडिंग – 19130 KWH

इस अवधि में प्रति दिन विद्युत उपभोग = (19130-2355)/335

= 50.07 प्रति दिन

21.02.2026 से 28.03.2026 की = 50.07 × 36

अवधि (36 दिनों) में विद्युत उपभोग = 1802.52 = 1803 MU

इस प्रकार संशोधित विद्युत बीजक पर किसी भी प्रकार का सरचार्ज देय नही होगा। विपक्षी आदेश की अनुपालन आख्या आदेश प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर मंच में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का वाद व्यय प्रतिकर प्राप्त नही करेंगे। इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80, वसन्त विहार, देहरादून में अपील कर सकता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

17-7-2026 | 17/07/26 | 17/07/2
---|---|---
(सुन्दरी गैरोला देवली) | (दीपक फरस्वाण) | (रजनीश माथुर)
न्यायिक सदस्य | उपभोक्ता सदस्य | तकनीकी सदस्य

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मं
(गढ़वाल क्षे
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रो
देहरादून – 2480
दूरभाष 0135–2769745, 2769755, 276195
कार्यालय 0135–2763672–75 फैक्स–0135–276739
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

**परिवाद सं0 55/2026**

**श्री नरेश चन्द्रा,**
निवासी– लेन नं0-10,
बद्री केदार कॉलोनी, गणेशपुर, देहरादून।

**परिवादी**

**बनाम**

**अधिशासी अभियन्ता**
विद्युत वितरण खण्ड (मोहनपुर)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून।

**विपक्षी**

कोरम

दिनांक: **17.07.2026**

| | |
|---|---|
| श्री रजनीश माथुर | तकनीकी सदस्य |
| श्रीमती सुन्दरी गैरोला देवली | न्यायिक सदस्य |
| श्री दीपक फरस्वाण | उपभोक्ता सदस्य |

**निर्णय**

The complainant registered the complaint with the request for inspection of meter to dismiss the possibility of incorrect recording of electricity consumption.

The Complainant submits and prays as under:-

*"I want to bring to your notice a serious electricity issue that started after the installation of the smart meter at our residence. Even when all the switches and bulbs are turned off, the bulbs continue to glow dimly. We are concerned that this issue may affect our electricity consumption and result in an incorrect or increased electricity bill in the coming months if not checked immediately. We have already registered complaints on 24 May 2026, 26 May 2026, and 28 May 2026. However, despite multiple complaints, no action has been taken so far.*
*Complaint No. – 22405260405*
*Address – Lane 10, Badri Kedar Colony, Ganeshpur, Dehradun, Uttarakhand*

*The complainant, Mr. Naresh Chandra, is currently serving as an on-duty Army Officer and may not be available personally. Therefore, he authorizes his wife, Mrs. Sonika Devi, to represent him regarding this matter. We request you to kindly send the concerned official/electrician at the earliest to inspect the meter and resolve the issue as soon as possible."*

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रो
देहरादून – 24800
दूरभाषः 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालयः 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

उपरोक्त के सन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 7192, दिनांकित 12/06/2026 से मंच को अवगत कराया है *"कि शिकायकर्ता श्री नरेश चन्द्रा की ऑनलाईन शिकायत क्रमांक 22405260405 के सापेक्ष स्थालीय निरीक्षण करने पर पाया गया की कार्यदायी सस्था M/s Garhwal Smart Metering Pvt. Ltd. के द्वारा अनुबन्धित कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ता का इलेक्ट्रोनिक मापक के स्थान पर स्मार्ट मीटर स्थापित करने के दौरान अनुबंधित कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ता के मीटर कनैक्शन विपरीत (अर्थात न्यूटल को फेस में एवं फेस को न्यूट्रल) में जोडने के कारण उपभोक्ता के परिसर पर यह समस्या उत्पन्न हुई थी। अतः उपभोक्ता के ऑनलाईन आवेदन पर लाईन मैन द्वारा परिसर पर जाकर मापक में लाईन को सही जोडतें हुयें समस्या का निराकरण कर दिया गया है, जिससे कि वर्तमान में उपभोक्ता सन्तुष्ट हैं।"*

परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद में कथन किया गया है कि उसके परिसर में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के उपरान्त, मुख्य स्विच एवं सभी विद्युत उपकरण बंद होने के बावजूद बल्ब मंद रूप से जलते रहते थे, जिससे अनावश्यक विद्युत खपत एवं भविष्य में अधिक विद्युत बिल आने की आशंका उत्पन्न हो गई थी। परिवादी द्वारा इस संबंध में विभाग के समक्ष अनेक ऑनलाईन शिकायतें दर्ज कराए जाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया।

मंच द्वारा विपक्षी को नोटिस जारी किए जाने के उपरान्त विपक्षी ने आख्या के माध्यम से स्वीकार किया है कि परिवादी की ऑनलाईन शिकायत संख्या 22405260405 के क्रम में स्थल निरीक्षण कराया गया। निरीक्षण में यह तथ्य प्रकाश में आया कि कार्यदायी संस्था M/s Garhwal Smart Metering Pvt. Ltd. के कर्मचारियों द्वारा स्मार्ट मीटर स्थापित करते समय मीटर के कनेक्शन में त्रुटि कर दी गई थी, जिसके कारण न्यूट्रल को फेज से तथा फेज को न्यूट्रल से जोड़ दिया गया था। विपक्षी ने यह भी स्वीकार किया है कि उक्त त्रुटिपूर्ण संयोजन के कारण ही परिवादी के परिसर में यह समस्या उत्पन्न हुई।

विपक्षी द्वारा अपनी आख्या में यह अवगत कराया गया है कि परिवादी की ऑनलाईन शिकायत प्राप्त होने के उपरान्त विभागीय लाईनमैन को मौके पर भेजकर विद्युत लाईन का संयोजन नियमानुसार सही कराया गया, जिसके फलस्वरूप परिवादी की शिकायत का पूर्ण समाधान कर दिया गया तथा वर्तमान मे परिवादी संतुष्ट है।

मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। विपक्षी द्वारा स्वयं यह स्वीकार किया गया है कि शिकायत विभाग/कार्यदायी संस्था द्वारा स्मार्ट मीटर स्थापित करते समय की गई त्रुटिपूर्ण वायरिंग के कारण उत्पन्न हुई थी। साथ ही यह भी स्वीकार किया गया है कि उक्त त्रुटि का निराकरण कर दिया गया है।

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मं
(गढ़वाल क्षे
वि0क्षे0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रो
देहरादून – 24800
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 276195
कार्यालय 0135–2763672-75 फैक्स–0135–276739
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

उपरोक्त चर्चा के उपरान्त मंच का मत है कि विपक्षी द्वारा परिवादी की मूल शिकायत का समाधान कर दियें जाने के फलस्वरूप वाद आगे चलाने का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। अतः वाद निस्तारित किये जाने योग्य है।

## आदेश

विपक्षी द्वारा परिवादी की मूल शिकायत का समाधान कर दिये जाने के फलस्वरूप निस्तारित किया जाता है। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का प्रतिकर/वाद–व्यय प्राप्त नहीं करेंगे। ***इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80, बसंत विहार, देहरादून में अपील कर सकते हैं।*** पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

17-7-2026
(सुन्दरी गैरोला देवली)
न्यायिक सदस्य

17/07/26
(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

17/07/2
(रजनीश माथुर)
तकनीकी सदस्य

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि०क्रॉ०वि० गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

परिवाद सं0 57 / 2026

श्रीमती कल्पना रावत,
निवासी– मकान नं०–01,
लेन नं०–09, लोअर गढवाली
कॉलोनी, नेहरूग्राम, देहरादून।

परिवादी

बनाम

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड (रायपुर)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून।

विपक्षी

कोरम

दिनांक: 30.07.2026

श्री रजनीश माथुर — तकनीकी सदस्य
श्रीमती सुन्दरी गैरोला देवली — न्यायिक सदस्य
श्री दीपक फरस्वाण — उपभोक्ता सदस्य

## निर्णय

परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद उनके विद्युत बिल संशोधित किये जाने के सम्बन्ध में योजित किया गया है।

परिवादी का कथन है कि–

1. *"मेरा विद्युत कनेक्शन संख्या 9771223403936 खाता संख्या 4231363582 है।*
2. *माह अप्रैल 2026 को मीटर जलने के बाद मेरे द्वारा Toll Free नम्बर पर शिकायत दर्ज करवाई गई जिसके उपरान्त विभाग द्वारा 27 अप्रैल 2026 को मेरा नया मीटर लगाया गया जिसकी मीटर रीडिंग 0 थी।*
3. *माह अप्रैल 2026 में मेरे द्वारा दिनांक 13 अप्रैल 2026 तक का विद्युत बिल संख्या 39530260413000046 जमा किया गया था।*
4. *नया मीटर लगने के बाद विद्युत बिल संख्या 530260606005629 जारी किया गया है, जिसकी रीडिंग 533 है, किन्तु उपयोग यूनिट 1162 दर्शाई गई है।*

**Electricity Consumer Grievance Redressal Forum**
(Garhwal Zone)
V.C.V Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि०क्रॉ०वि० गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

5. *यदि इसमें पुराने जले हुए मीटर की रीडिंग को शामिल किया गया है तो उसका बिल मूल्यांकन जिस स्लैब के अन्तर्गत किया गया है, उससे मेरा बिल बहुत अधिक आया है।*
6. *मैं अपने नये मीटर की एम०आर०आई० रिपोर्ट भी चाहता हूँ।*

*अतः समस्त बिलों की प्रति एवं मीटर सीलिंग प्रमाणक आपकी सेवा में संलग्न कर इस आशय से प्रेषित कर रही हूँ कि मेरे शिकायत का संज्ञान लेकर यथोचित कार्यवाही करने की कृपा करेंगे।"*

उपरोक्त के संन्दर्भ में **विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 926, दिनांकित 20/06/2026 से मंच को** अवगत कराया **है** *"कि मा० UERC के नियमानुसार उपभोक्ता के मीटर के IDF ADF RDF होने पर विद्युत बिल उपभोक्ता की गत तीन Billing Cycle की औसत खपत के अनुसार बनाया जाता है। शिकायतकर्ता के मीटर को दिनांक को 27.04.2026 को बदला गया था, एवं उपभोक्ता का अन्तिम MU बिल 13.04.2026 को निर्गत किया गया था इसके उपरान्त उपभोक्ता के मीटर के जल जाने के कारण दिनांक 14.04.2026 से 27.04.2026 तक कुल 14 दिन की खपत उपभोक्ता के विगत तीन Billing Cycle (1530 यूनिट) कुल 92 दिन की औसत खपत (16.63 यूनिट/प्रतिदिन) के आधार पर निर्गत कर संशोधित किया गया है। व उपभोक्ता के वर्तमान मीटर की MRI भी इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।"*

मंच द्वारा पत्रावली का अवलोकन किया गया। परिवादी की मुख्य शिकायत यह थी कि माह अप्रैल 2026 में मीटर जल जाने के उपरान्त नया मीटर लगाए जाने के बाद जारी विद्युत बिल में अत्यधिक यूनिट अंकित की गई, जिससे विद्युत देयक असामान्य रूप से अधिक हो गया। साथ ही परिवादी द्वारा नए मीटर की एम0आर0आई0 रिपोर्ट उपलब्ध कराने का अनुरोध भी किया गया।

विपक्षी द्वारा उपरोक्त के क्रम में अपने लिखित उत्तर दिनांक 20.06.2026 के माध्यम से अवगत कराया गया कि उपभोक्ता का मीटर दिनांक 27.04.2026 को बदला गया। मीटर के IDF/ADF/RDF होने की स्थिति में UERC (Elecctricity Supply Code) के प्रावधानों के अनुसार मीटर के जलने की अवधि का विद्युत उपभोग उपभोक्ता के विगत तीन बिलिंग चक्रों की औसत खपत के आधार पर निर्धारित किया गया। विपक्षी द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail - cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रो.
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

दिनांक 14.04.2026 से 27.04.2026 तक की अवधि का बिल औसत खपत के आधार पर संशोधित कर दिया गया है। तथा वर्तमान मीटर की एम0आर0आई0 रिपोर्ट मंच के समक्ष प्रस्तुत कर दी गई है।

मंच के समक्ष उपलब्ध अभिलेखों से यह स्पष्ट है कि परिवादी की शिकायत के संबंध में विपक्षी द्वारा आवश्यक परीक्षण कर UERC के प्रावधानों के अनुरूप बिल का पुनर्मुल्यांकन किया गया है तथा अपेक्षित एम0आर0आई0 रिपोर्ट भी उपलब्ध करा दी गई है। इस प्रकार परिवादी की मुख्य शिकायत का निराकरण विपक्षी द्वारा कर दिया गया है। उपरोक्त चर्चा उपरान्त मंच इस मत का है कि विपक्षी द्वारा परिवादी की विद्युत बिल संबंधी शिकायत का निवारण विद्युत बिल संशोधित कर, कर दिये जाने के फलस्वरूप वाद निस्तारित किये जाने योग्य है।

## आदेश

विपक्षी द्वारा परिवादी की शिकायत का समाधान कर दिये जाने के फलस्वरूप वाद निस्तारित किया जाता है। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का प्रतिकर/वाद–व्यय प्राप्त नहीं करेंगे। ***इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80, बसंन्त विहार, देहरादून में अपील कर सकते हैं।***

पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

| | | |
|---|---|---|
| 30.7.2026 | 30/07/26 | 30/07/26 |
| (सुन्दरी गैरोला देवली) | (दीपक फरस्वाण) | (रजनीश माथुर) |
| न्यायिक सदस्य | उपभोक्ता सदस्य | तकनीकी सदस्य |

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि०क्रॉ०वि० गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

परिवाद सं0 61 / 2026

मै० यू०ए० हैल्थ सैन्टर,
निवासी–107 / 108, चन्द नगर कैंप,
108, एमरजेंसी एबुलेंस, देहरादून। — परिवादी

बनाम

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड (केन्द्रीय)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून। — विपक्षी

कोरम — दिनांक: 28.07.2026

श्री रजनीश माथुर — तकनीकी सदस्य
श्रीमती सुन्दरी गैरोला देवली — न्यायिक सदस्य
श्री दीपक फरस्वाण — उपभोक्ता सदस्य

## निर्णय

The complainant registered the complaint regarding Excess Amount of Billing.

The Complainant submits and prays as under:-

" *Please note that letter copy submitted in local sub div office today after meeting with section officer Gaurav saklani ji as we have not received any satisfactory answer from him. attached letter copy with receiving. Amt of rs 153575 paid yesterday through NEFT in ac ending with 9228, PNB as we are paying regularly through same NEFT mode in same account everymonth, please provide receipt for same and share updated bill as total payable amt as per mail chain is rs 248894 and paid 153575 therefore now balance /disputed amt as per UPCL is rs 95319/-. We asked for additional amt details today but concerned office staff was unavailable so we will visit again tomorrow for additional amt breakup month wise for our understanding that how meter was slow and why not rectifying this issue permanently as last year same meter slow charges charged from us , approx. 1.10 lakh. The additional charges raised as arrears are arbitrary.*

**Electricity Consumer Grievance Redressal Forum**
(Garhwal Zone)
V.C.V Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135-2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

*unjustified and liable to be withdrawn. The alleged meter defect, if any, was within the knowledge and control of UPCL. The consumer cannot be saddled with retrospective liability arising out of the licensee's failure to inspect, test, maintain or replace the meter in time. The burden of proving under-recording and the basis of assessment lies upon UPCL. Until supporting records and calculations are supplied and the objection is adjudicated, the disputed amount deserves to be withdrawn."*

**उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 3036, दिनांकित 27/06/2026 से मंच को अवगत कराया है** *"कि दिनांक 29.06.2026 को खण्ड कार्यालय में उक्त प्रकरण से सम्बन्धित अधिकारी किन्हीं आवश्यक कार्यवश उपस्थित रहने में असमर्थ है। यह भी अवगत कराना है कि वर्तमान में राजस्व वसूली का अभियान अपने शीर्ष चरण पर है, अतः सभी अधिकारी/कर्मचारी अपना सम्पूर्ण योगदान उक्त अभियान में लगा रहे है जिस कारण से उनकी उपलब्धता काफी अल्प है। अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त कारणों से आख्या प्रस्तुत करने हेतु एक सप्ताह अर्थात दिनाक 06.07.2026 तक समय विस्तार देने की कृपा करें।"*

**विपक्षी द्वारा एक अन्य आख्या पत्रांक संख्या 3271, दिनांकित 13.07.2026 से मंच को निम्नवत् अवगत कराया है** *"कि उपभोक्ता मै० यू०ए० हैल्थ सेंटर, संयोजन संख्या CD0K000000115 के परिसर पर स्थापित पुराने मीटर (5705765) पर करंट मिसिंग होने के कारण दिनांक 02.05.2026 को चैक मीटर संख्या 8104506 स्थापित किया गया, जिसे दिनांक 11.05.2026 को फाइनल किया गया जिसमें उपभोक्ता का पुराना मीटर 25.6 प्रतिशत कम ऊर्जा खपत को अंकित करता हुआ पाया गया। जिसके सापेक्ष खण्ड कार्यालय द्वारा पुराने मीटर के परिवर्तन तिथी से मीटर फाइनल की तिथि 11.05.2026 तक निर्धारण रू० 380595.00 किया गया एवं उपभोक्ता के लेजर मे धनराशि जोडी गई। उपभोक्ता द्वारा उक्त निर्धारण के विरूद्ध अपना प्रत्यावेदन दिनांक 16.06.2026 को खण्ड कार्यालय में प्रेषित किया गया। उक्त प्रत्यावेदन के निस्तारण हेतु प्रकरण का पुनः अवलोकन करते हुए एम०आर०आई० की जाँच की गई एवं यह ज्ञात हुआ कि उपभोक्ता का मीटर माह दिसम्बर 2025 से कम ऊर्जा खपत अकिंत कर रहा है। अतः खण्ड द्वारा माह दिसम्बर 2025 से दिनांक 11.05.2026 तक का निर्धारण रू०*

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रो
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

*96280.00 किया गया व उपभोक्ता के विद्युत बीजक में जोडी गई अतिरिक्त धनराशि रू0 284315.00 को घटाया गया।"*

**मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया।** पत्रावली पर उपलब्ध प्रस्तुत अभिलेखों, विपक्षी की लिखित आख्या, विद्युत परीक्षणशाला की रिपोर्ट, एम0आर0आई0 परीक्षण के निष्कर्ष एवं अन्य उपलब्ध अभिलेखों का परीक्षण किया गया।

पत्रावली का अवलोकन करने पर पाया गया कि मीटर की रिकॉर्डिंग संबंधी तथ्य तकनीकि परीक्षण से स्थापित हुआ है। तथापि यह भी उतना ही महत्वपूर्ण तथ्य है कि विपक्षी द्वारा प्रारम्भिक निर्धारण को अंतिम नहीं माना गया तथा स्वयं पुनः परीक्षण कर रू0 2,84,315/– की राशि कम कर दी गई। इससे स्पष्ट है कि प्रारम्भिक निर्धारण पूर्णतः सही एवं अंतिम नहीं था।

वर्तमान प्रकरण में विपक्षी द्वारा संशोधि निर्धारण जारी कर दिया गया है तथा परिवादी द्वारा संशोधित देय राशि का भुगतान बिना किसी अभ्यावेदन के कर दिया गया है जो कि अधिशासी अभियन्ता के प्रतिनिधि के पत्र दिनांक 20.07.2026 से स्पष्ट होता है। वाद की अन्तिम सुनवाई के दिन परिवादी उपस्थित नहीं थे जिससे उपरोक्त तथ्यों के क्रम में मंच का मानना है कि परिवादी संशोधित निर्धारण से संतुष्ट है। अभिलेखों से यह भी परिलक्षित नहीं होता कि संशोधित निर्धारण के अतिरिक्त कोई अन्य विवादित राशि वर्तमान में शेष है।

अतः मंच की दृष्टि में इस स्तर पर विवाद का प्रभावी रूप से समाधान हो चुका है तथा प्रकरण में आगे चलाने को कोई औचित्य नहीं रह जाता है। अतः इस परिस्थिति में उक्त वाद निस्तारित किये जाने योग्य है।

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कांवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

# आदेश

उपरोक्त परिस्थियो उपरात उक्त वाद निस्तारित किया जाता है। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का वाद व्यय / प्रतिकर प्राप्त नही करेंगे। इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर **विद्युत औम्बड्समैन, 80, बसंत विहार, देहरादून में अपील कर सकता है।** पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

| | | |
|---|---|---|
| 28-7-2026 | 28/07/26 | 28/7/24 |
| (सुन्दरी गैरोला देवली)<br>न्यायिक सदस्य | (दीपक फरस्वाण)<br>उपभोक्ता सदस्य | (रजनीश माथुर)<br>तकनीकी सदस्य |